दिनांक: 29.05.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी के बीच मौसम विभाग ने कहा है कि 31 मई से जयपुर, बीकानेर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आंधी बारिश से गर्मी से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 1 जून से हीटवेव से राहत मिलने की प्रबल संभावना है। हालांकि कुछ भागों में आगामी 48 घंटों में तेज गर्मी और लू का दौर जारी रहेगा।

....

इस बीच, पिछले 24 घंटों के दौरान भी तेज गर्मी और लू लोगों को सताती रही। चूरू जिला 50 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश का सबसे गर्म स्थान रिकॉर्ड किया गया। श्रीगंगानगर में 49 दशमलव 4 डिग्री, पिलानी, करौली और फलौदी में 49, हनुमानगढ के संगरिया, सीकर के फतेहपुर, धौलपुर, बीकानेर, जैसलमेर और कोटा में 48 डिग्री और इससे ज्यादा तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में 46 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। रात में भी तापमान में लगातार बढोतरी से लोगों को पेरशानियों का सामना करना पड रहा है। कल कोटा में 35 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रात रही।

प्रदेश में विभिन्न जिलों के प्रभारी सचिव आज दूसरे दिन भी अपने जिलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायज़ा ले रहे हैं। इस दौरान वे पानी, बिजली और चिकित्सा सुविधाओं सहित अन्य इंतजामों का निरीक्षण कर रहे हैं। अजमेर में प्रभारी सचिव अपर्णा अरोड़ा ने किशनगढ़ के यज्ञ नारायण सरकारी अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लू और तापघात से पीड़ित मरीजों की कुशलक्षेम पूछी। श्रीमती अरोड़ा ने चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जैसलमेर प्रभारी सचिव ने जैसलमेर के राजकीय जवाहिर अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर प्रताप सिंह नाथावत सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद रहे। सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने आज सुबह भाडौती कस्बे का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये।

इधर, जयपुर शहर में एडिशनल कमिश्नर यातायात प्रीती चंद्रा ने आदेश जारी किया है कि दोपहर बारह से तीन बजे तक पुलिसकर्मी धूप में खड़े नहीं रहेंगे। हाल ही में हीट स्ट्रोक के कारण कुछ यातायात पुलिसकर्मियों की तबीयत बिगड़ने के बाद ये आदेश जारी किया गया है।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज शाम पांच बजे घोषित किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए 10 लाख 62 हजार 341 विद्यार्थी पंजीकृत थे। दसवीं कक्षा के साथ ही आज प्रवेशिका का परिणाम भी जारी होगा। इसमें सात हजार 63 विद्यार्थी पंजीकृत थे। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट और डिजी लॉकर पर उपलब्ध होगा।
वहीं शिक्षा विभाग कल आठवीं और पांचवीं बोर्ड का परिणाम घोषित करेगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि इस बार आठवीं बोर्ड में करीब साढे बारह लाख और पांचवीं बोर्ड में 14 लाख 37 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

भीलवाड़ा–ब्यावर राजमार्ग पर आज एक सड़क हादसे में दो लोगों को मृत्यु हो गयी। ये हादसा कार के बेकाबू होकर पलटने से हुआ। वहीं, एक अन्य हादसे में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर सोमाड़ा गांव के पास एक बस के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से एक युवती की मौत हो गयी। दुर्घटना में करीब 15 लोग घायल हो गये। घायलों का दौसा के सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है। दो गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया गया है। ये बस हरिद्वार से जयपुर की ओर आ रही थी।